महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय ,उज्जैन

बी.एम.बिड़ला शोध संस्थान परिसर,
देवास रोड,
उज्जैन (म.प्र.) – 456010
दूरभाष–(0734) 2524845 (कार्या.)
फेक्स – (0734) 2524845
E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com
Website– www.mpsvvujjain.org

दिनांक 26 जुलाई 2018 को प्रशासनिक कार्यालय में मध्याह्न 12:30 बजे आयोजित विद्या परिषद बैठक का कार्यविवरण

उपस्थिति

1. प्रो. रमेशचन्द्र पण्डा, कुलपति, उज्जैन – अध्यक्ष
2. डॉ. बालकृष्ण शर्मा, उज्जैन – सदस्य
3. डॉ.मनमोहनलाल उपाध्याय, उज्जैन – सदस्य
4. डॉ.तुलसीदास परौहा, उज्जैन – सदस्य
5. डॉ.पूजा उपाध्याय, उज्जैन – सदस्य

––00––

बैठक की कार्यवाही होने के पूर्व कुलपतिजी द्वारा विद्या–परिषद् के उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

विषय क्रमांक – 01 : एम.ए. योग विज्ञान पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. पाठ्यक्रम अनुमोदित ।
2. एम.ए. योग विज्ञान के स्थान पर पाठ्यक्रम का नाम एम.ए. योग रखा जाए।
3. विभाग का नाम योग विभाग रखा जाए।
4. विषय समिति द्वारा स्वीकृत योग के पाठ्यक्रम को 08 प्रश्नपत्रों में समाहित किया जाए।
5. योग स्नातकोत्तर हेतु अर्हता किसी भी विषय में स्नातक होगी।

विषय क्रमांक – 02 : न्याय दर्शन शास्त्री का पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. पाठ्यक्रम अनुमोदित।
2. संभावित अंतिम स्वरूप की स्वीकृति हेतु मान. कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

M.Tiwari

विषय क्रमांक – 03 : सेतु पाठ्यक्रम (शास्त्री+बी.ए.) का पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. सेतु पाठ्यक्रम शास्त्री तथा बी.ए. हेतु समान पाठ्यक्रम बनाया जाए पश्चात् मान. कुलपतिजी से अनुमोदित कराया जाए।

विषय क्रमांक – 04 : संगीत गायन डिप्लोमा प्रारम्भ करने तथा पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. पाठ्यक्रम अनुमोदित।
2. संगीत गायन डिप्लोमा में 300 अंकों का सैद्धान्तिक तथा 300 अंकों का प्रायोगिक होगा।

विषय क्रमांक – 05 एवं – 06 : संगीत गायन, कम्प्युटर, योग विज्ञान तथा वैदिक गणित का (शास्त्री/बी.ए.हेतु) का पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. पाठ्यक्रम अनुमोदित।
2. 'ख' वर्ग में जोड़े जाने वाले नए प्रायोगिक विषय संगीत कम्प्युटर तथा योग में 25–25 अंकों के दो सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्र तथा 50 अंकों का प्रायोगिक होगा।
3. 'ख' वर्ग हेतु संगीत, संगणक, योग तथा वैदिक गणित का पाठ्यक्रम अनुमोदित।

विषय क्रमांक – 07 : शास्त्री+शिक्षा शास्त्री का पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. पाठ्यक्रम अनुमोदित।

विषय क्रमांक – 08 : स्नातकोत्तर परीक्षायें (स्वाध्यायी छात्रों के लिए) सेमेस्टर पद्धति में लेने विषयक प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. प्रस्ताव स्वीकृत।

विषय क्रमांक – 09 : श्री राम संस्कृत महाविद्यालय जानकी कुण्ड चित्रकूट को आचार्य की सम्बद्धता प्रदान करने का प्रस्ताव।

निर्णय :

1. श्री राम संस्कृत महाविद्यालय जानकी कुण्ड चित्रकूट

M Tiwari

को आचार्य की सम्बद्धता हेतु मान. कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

विषय क्रमांक – 10 : **श्री पीताम्बरा संस्कृत महाविद्यालय दतिया को आचार्य की सम्बद्धता प्रदान करने का प्रस्ताव।**

निर्णय :

1. श्री श्री पीताम्बरा संस्कृत महाविद्यालय दतिया को आचार्य की सम्बद्धता हेतु मान. कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

विषय क्रमांक – 11 : **अध्यापन विभागों में कार्यरत शिक्षकों की प्रोन्नति का प्रस्ताव।**

निर्णय :

1. शिक्षकों की प्रोन्नति सम्बद्ध कार्यवाही हेतु मान. कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

विषय क्रमांक – 12 : **विशिष्ट संस्कृत/ज्योतिर्विज्ञान/योग (एम.ए.) हेतु सेतु पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।**

निर्णय :

1. समान पाठ्यक्रम बनाकर मान. कुलपतिजी से अनुमोदन लिया जाए।

विषय क्रमांक – 13 : **विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्य आदि विविध शुल्कों में वृद्धि किये जाने का अनुमोदन।**

निर्णय :

1. शुल्क वृद्धि तथा मानदेय वृद्धि हेतु प्रस्तावित प्रस्ताव सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदित, अंतिम स्वीकृति हेतु मान. कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

विषय क्रमांक – 14 : **विशिष्ट संस्कृत प्राच्य विभाग में प्राच्य शब्द हटाकर विशिष्ट संस्कृत विभाग करने का अनुमोदन।**

1. अनुमोदित, विशिष्ट संस्कृत प्राच्य विभाग में प्राच्य शब्द हटाया जाए तथा विभाग व उपाधि का नाम " विशिष्ट संस्कृत" रखा जाए।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :–

विषय क्रमांक – 15 : **एम.ए.विशिष्ट संस्कृत में उत्तरार्द्ध में दर्शन समूह का पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ।**

निर्णय :

1. पाठ्यक्रम अनुमोदित।

विषय क्रमांक – 16 : **सभी उपाधियों के प्रमाण–पत्रमें दो भाषा संस्कृत तथा**

M.Tiwari

अंग्रेजी का प्रयोग हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. प्रस्ताव अनुमोदित, स्वीकृत।
2. सभी उपाधियों के प्रमाण–पत्र में दो भाषा संस्कृत तथा अंग्रेजी का प्रयोग होगा।

विषय क्रमांक – 17 : पीएच.डी. केवल संस्कृत माध्यम से ही होगी। उपाधि का नाम विद्यावारिधि (पीएच.डी.) करने एवं डिग्री पर अंग्रेजी में Doctor of Philosophy लिखने हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

निर्णय :

1. प्रस्ताव अनुमोदित, स्वीकृत।
2. पीएच.डी. केवल संस्कृत माध्यम से ही होगी। उपाधि का नाम विद्यावारिधि (पीएच.डी.) होगा। अंग्रेजी में Doctor of Philosophy लिखा जाएगा।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के बाद परिषद की कार्यवाही समाप्त हुई।

M K Tiwari

(मनोज कुमार तिवारी)
कुलसचिव
सचिव

(प्रो. रमेशचन्द्र पण्डा)
कुलपति
अध्यक्ष